# अमर उजाला शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल में भिड़ेंगे 306 खिलाड़ी

## 19 को एचबीटीयू में सुबह 8:45 बजे से शुरू होगा पहला राउंड, खिलाड़ियों को विद्यालय की निर्धारित यूनिफॉर्म में आना अनिवार्य



अमर उजाला शतरंज प्रतियोगिता के प्री फिनाले में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। संवाद



अमर उजाला कार्यालय में शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले को लेकर हुई बैठक में चर्चा करते पदाधिकारी। अमर उजाला

अमर उजाला शतरंज प्रतियोगिता । 2026

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। शहर में शतरंज को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमर उजाला शतरंज प्रतियोगिता-2026 आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के लिए शहर और आसपास के जिलों के विद्यालयों से करीब 2500 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। स्कूलों में आयोजित प्री फिनाले प्रतियोगिताओं के बाद 306 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी 19 जुलाई को एचबीटीयू वेस्ट कैंपस स्थित शताब्दी भवन में आयोजित फाइनल मुकाबले में अपनी रणनीति, एकाग्रता और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को अमर उजाला कार्यालय में बैठक की गई। इसमें कानपुर चेस संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों और ऑर्बिटर ने प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर चर्चा की। कानपुर चेस संघ के सचिव दिलीप सिंह के नेतृत्व में आलोक गुप्ता, बाल गोविंद अवस्थी, कुसुम शर्मा, हरीश रस्तोगी और विकास निषाद ने आयोजन को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए।

बैठक में बताया गया कि प्रतियोगिता के दिन प्रतिभागियों की रिपोर्टिंग सुबह सात से 8:30 बजे तक होगी। इसके बाद पहला राउंड सुबह 8:45 बजे शुरू किया जाएगा। प्रतियोगिता शाम 6:30 बजे तक चलेगी। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए विद्यालय की निर्धारित यूनिफॉर्म में आना अनिवार्य किया गया है।

साथ ही प्रतिभागियों को विद्यालय का वैध पहचान पत्र लाना होगा जिसमें उनकी कक्षा स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए। जिन विद्यार्थियों को अभी तक विद्यालय की ओर से आई-कार्ड जारी नहीं किया गया है उन्हें विद्यालय के लेटरहेड पर जारी प्रमाण-पत्र पंजीकरण के समय जमा करना होगा।

### विजेताओं को मिलेगा नकद पुरस्कार और ट्रॉफी

प्रतियोगिता के सीनियर, जूनियर और ओपन वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 5100, 3100 और 2100 रुपये का नकद पुरस्कार तथा ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। वहीं सबजूनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 3100, 2100 और 1500 रुपये का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी जाएगी।

### इन विद्यालयों के खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

प्रतियोगिता में अकाडिया इंटरनेशनल स्कूल बिल्हौर, आर्चीज हायर सेकेंडरी स्कूल, बिलाबॉन्ग हाई इंटरनेशनल स्कूल (सोनित), बीएनएसडी शिक्षा निकेतन, बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज, सीएचएस एजुकेशन सेंटर, दिल्ली पब्लिक स्कूल आजादनगर, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर एच-2 ब्लॉक किदवईनगर, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल कल्याणपुर, एस्कॉर्ट्स वर्ल्ड स्कूल केशवपुरम, गार्डेनिया पब्लिक स्कूल, राजकीय हाई स्कूल राधन, हरमिलाप मिशन स्कूल, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, जेडी एजुकेशन सेंटर, जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कर्मयोगी विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, केपीवाई जनसहयोगी इंटर कॉलेज, कृष्णा फाउंडेशन अकादमी, एलवीएम इंटर कॉलेज, मंटोरा पब्लिक स्कूल, मारियमपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मेथोडिस्ट हाई स्कूल कैंट, परितोष एजुकेशन सेंटर, परितोष इंटरनेशनल स्कूल, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संख्या-दो एयर फोर्स चकेरी कानपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय, पंडित डीपी मिश्रा मेमोरियल पब्लिक स्कूल अहिरवां, रॉयल ड्रीम वर्ल्ड इंटर कॉलेज, आरपीएस गौरव इंटरनेशनल स्कूल, एसजे एजुकेशन सेंटर, एसजे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर, सरस्वती विद्यालय इंटर कॉलेज, सरदार पटेल एकेडमी पब्लिक स्कूल रतनपुर पनकी, एसजीएम इंटरनेशनल स्कूल इंदिरानगर, शीलिंग हाउस स्कूल सीनियर विंग, श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर कौशलपुरी, श्री राम एजुकेशन सेंटर पनकी, सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, स्कोमिया अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द चिंटल्स स्कूल कल्याणपुर, यूहे पब्लिक स्कूल, अकिन चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, एलेनहाउस पब्लिक स्कूल पनकी, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर श्यामनगर सीनियर विंग, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर अवधपुरी, केडीएमए इंटरनेशनल स्कूल, केआर एजुकेशन सेंटर, कामद सरस्वती इंटर कॉलेज बर्रा-9, कामद शाइनिंग स्टार्स अकादमी, कन्यकुब्ज पब्लिक स्कूल, एमडीएम पब्लिक स्कूल, मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल किदवईनगर, एनएलके इंटर कॉलेज, पृथ्वीराज चौहान एजुकेशन सेंटर भौंती प्रतापपुर, श्री ओमर वैश्य शिक्षायतन इंटर कॉलेज रावतपुर, श्री राम पब्लिक स्कूल किदवईनगर, सेंट फ्रांसिस जेवियर्स इंटर कॉलेज अशोकनगर, द चिंटल्स स्कूल रतनलालनगर, दून इंटरनेशनल स्कूल, कुमारी उद्यान गर्ल्स इंटर कॉलेज अशोकनगर, एसएन सेन बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज, डॉ. सीवी रमन इंटरमीडिएट कॉलेज पनकी, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल कैंट, दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन, गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगानगर शुक्लागंज उन्नाव, एनएलकेवीएम इंटर कॉलेज विष्णुपुरी, ऑक्सफोर्ड मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्यामनगर, पूर्णचंद्र विद्या निकेतन, राधिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, स्कॉलर मिशन स्कूल, सुचर सिंह अकादमी, आर्चीज एजुकेशन सेंटर, बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बेनाझाबर, सीएचएस एजुकेशन सेंटर लाल्या टोपेनगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल कल्याणपुर, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, जय नारायण शिशु वाटिका शिशु मंदिर, जुगल देवी शिशु वाटिका शिशु मंदिर, एनएलके लिटिल स्टेप, सरस्वती बाल विद्या मंदिर, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, शीलिंग हाउस स्कूल, श्री राम एजुकेशन सेंटर बी-ब्लॉक पनकी, स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल और द चिंटल्स स्कूल कल्याणपुर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।